# राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला सोलन (हि.प्र.)

## वार्षिक प्रतिवेदन
(2021 – 2022)

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
**30 मार्च, 2022**

## मुख्य अतिथि

डॉ. राजीव सैज़ल
माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं आयुर्वेद मन्त्री
हिमाचल प्रदेश सरकार

## प्रस्तुति


प्रो. राजेश यादव
प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय
धर्मपुर, जिला सोलन (हि.प्र.)

# राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन (हि.प्र.)
# वार्षिक प्रतिवेदन (2021–2022)

राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के गरिमामयी उत्सव के मुख्य अतिथि परम आदरणीय डॉ. राजीव सैज़ल, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं आयुर्वेद मन्त्री, हिमाचल प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथिगण, प्रशासनिक अधिकारी, अभिभावक – प्राध्यापक संघ की कार्यकारिणी के सदस्य, मीडिया प्रभारी – आप सबका मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ, स्वागत करता हूँ । आज के उत्सव के मुख्य अतिथि डॉ. राजीव सैज़ल जी की कर्त्तव्यनिष्ठा और प्रतिबद्धता सर्वविदित है । अपने विधानसभा क्षेत्र कसौली के सर्वांगीण विकास तथा हिमाचल प्रदेश के अनवरत् विकास में आपका योगदान अविस्मरणीय है । आपके कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश की कोविड टीकाकरण की सराहनीय सफलता – अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल है । प्रत्येक गांव में मौजूद स्वास्थ्य विभाग ने राज्य को वैक्सीन की झिझक को दूर करने और आपूर्ति के मुद्दों के बावजूद लोगों तक वैक्सीन की पहुँच सुनिश्चित करने में मदद की । परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश 18+ आयु के 100% पात्र लाभार्थियों को Double Dose पूर्णता प्राप्त करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया । भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इसकी सराहना भी की गई । साथ ही 12+ आयु के बच्चों का टीकाकरण भी शुरु हो गया है ।

महोदय, इस महाविद्यालय के विकास में भी आपका आशीर्वाद व मार्गदर्शन सदैव रहा है, इसके लिए हम आपके आभारी हैं ।

मुख्य अतिथि महोदय, अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2021–2022 के अन्तर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

## महाविद्यालय परिचय

प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण उतुंग गिरि श्रृंखलाओं से आच्छादित जिला सोलन की कसौली विधानसभा के अन्तर्गत युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 2014 में स्थापित यह महाविद्यालय अद्यतन बीईईओ, धर्मपुर की पुरानी इमारत में ही कार्यशील है । महाविद्यालय का निजी भवन मनोरम मण्डूघार में निर्माणाधीन है ।

## विद्यार्थी संख्या

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 502 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । इनमें 177 छात्र तथा 325 छात्राएँ हैं । कला संकाय में 295 विद्यार्थी तथा वाणिज्य संकाय में 207 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं । शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद, स्वास्थ्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी यथासंभव महाविद्यालय में महत्त्व  दिया जा रहा है ।

## वर्गीकृत विद्यार्थियों की प्रवेश सारिणी (2021–2022)

| संकाय | कक्षा | सामान्य | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | ओ बी सी | | आई आर डी पी | | बी पी एल | | कुल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | |
| कला | प्रथम वर्ष | 16 | 53 | 15 | 32 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 | 32 | 87 | 119 |
| | द्वितीय वर्ष | 12 | 30 | 17 | 33 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 01 | 02 | 31 | 66 | 97 |
| | तृतीय वर्ष | 12 | 27 | 09 | 29 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 22 | 57 | 79 |
| वाणिज्य | प्रथम वर्ष | 12 | 17 | 12 | 15 | 02 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 30 | 33 | 63 |
| | द्वितीय वर्ष | 13 | 17 | 14 | 19 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 28 | 37 | 65 |
| | तृतीय वर्ष | 19 | 28 | 15 | 13 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 34 | 45 | 79 |

सभी वर्गों के कुल छात्र–छात्राओं की संख्या 502 है ।

# परीक्षा परिणाम

| कक्षा | उत्तीर्ण % |
|---|---|
| बी.ए. तृतीय वर्ष | 100% |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 100% |

बी.ए. /बी.कॉम. प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र Covid - 19 के कारण अगली कक्षाओं में Promote किए गए ।

# छात्रवृत्तियाँ

वर्तमान सत्र में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में Fresh Applications के अन्तर्गत नौ विद्यार्थी तथा Renewal Applications के अन्तर्गत 8 विद्यार्थियों के नाम छात्रवृत्ति के लिए स्वीकृत हुए हैं।

# पुस्तकालय

श्रीमती रजनी भारद्वाज के कुशल संचालन में क्रियाशील महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 1070 पुस्तकें संग्रहित है। इसके अतिरिक्त चार दैनिक समाचार पत्र व पांच मैगजीन्स एवं जरनल भी विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा बौद्धिक विकास के लिए व्यवस्थित किए गए हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए Online शिक्षा के लिए E-Library स्थापित की गई है।

# शिक्षक–गैर–शिक्षक/कर्मचारी वर्ग

महाविद्यालय में इस समय 14 शिक्षक, 1 पुस्तकालयध्यक्षा तथा 8 गैर शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत हैं। लिपिक तथा तबला वादक का एक–एक पद रिक्त है। इस वर्ष जो शिक्षक–गैर शिक्षक/कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए और उनके स्थान पर जो हमारे महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए, उनका विवरण इस प्रकार है:–

**आगमन** प्रो. राजेश यादव ने महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस वर्ष डॉ. सतीश नेगी (भूगोलशास्त्र), डॉ. केवल कृष्ण (वाणिज्य संकाय), प्रो. बवीता शर्मा (वाणिज्य संकाय), प्रो. दीपिका (अंग्रेजी), प्रो. हिमांशी (वाणिज्य संकाय), श्री लक्ष्मीदत्त (अधीक्षक ग्रेड– ।।), श्रीमती सोमा देवी (सेवादार), श्री मदन (चौकीदार) का आगमन हुआ।

**प्रस्थान** प्रो. रीटा शर्मा (प्राचार्या), प्रो. राजेश भट्ट(वाणिज्य संकाय), डॉ. स्नेह लता, (अंग्रेजी), प्रो. अंकुर सूद (वाणिज्य संकाय), श्रीमती निर्मल नेगी (अधीक्षक), श्रीमती रंजना देवी (सेवादार), श्री यशपाल (सेवादार) का स्थानांतरण हुआ।

# अभिभावक – प्राध्यापक संघ

महाविद्यालय में अभिभावकों, छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करने एवं महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्ती भूमिका का निर्वहन करने के लिए विगत कई वर्षों से यह संघ कार्यरत है। वर्तमान सत्र में इस संघ का गठन प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. राजेश यादव की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी चयनित किए गए : –

अध्यक्ष – श्री रमेश अत्री

उपाध्यक्ष – प्रो. रेनू बाला

सचिव – प्रो. कृष्णा प्रकाश

संयुक्त सचिव – श्रीमती अपर्णा

मुख्य सलाहकार – श्री दिनेश कुमार

कोषाध्यक्ष – डॉ. संजीव कुमार

इस सत्र में इस संघ ने महाविद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से जो निर्णय लिए, उनका विवरण इस प्रकार से है –

- विद्यार्थियों के लिए 100 बैंच खरीदने के लिए रु. 3,50,000/ की राशि खर्च करने बारे स्वीकृति।
- पुस्तकालय में पुस्तकें खरीदने हेतू एक लाख खर्च करने बारे स्वीकृति।
- भूगोल विभाग में लैब अटेंडेंट रखने की स्वीकृति।
- पी.टी.ए. कार्यकारिणी द्वारा माननीय मंत्री डॉ. राजीव सैज़ल जी को महाविद्यालय भवन शीघ्र तैयार करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

मैं संघ का यथाअवसर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

# "प्रयास" पत्रिका

महाविद्यालय की शैक्षणिक–सांस्कृतिक तथा खेल–सम्बन्धी संक्षिप्त गतिविधियों का दर्पण तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की कलात्मक अभिव्यक्ति का मंच है महाविद्यालय की वार्षिक "प्रयास" पत्रिका । विभिन्न भाषाओं, अनुभागों एवं विद्यार्थियों की भाव–कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी शब्द–रंगों से चित्रित, सुसज्जित एवं सुशोभित पत्रिका महाविद्यालय की अनुपम अस्मिता है। इस पत्रिका की मुख्य सम्पादिका का कार्यभार डॉ. अनीता ठाकुर के पास है।

# महाविद्यालय की उपलब्धियाँ

- महाविद्यालय को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त मान्यता को नैरन्तर्य प्रदान करने हेतु निरीक्षण टीम ने दौरा किया। टीम ने महाविद्यालय में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों व मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध अपेक्षित आधारभूत सुविधाओं की भी प्रशंसा की। परिणास्वरूप महाविद्यालय को सत्र 2015–16 से सत्र 2021–22 तक मान्यता प्राप्त हो गई है।
- बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रतीक्षा ने, नेहरु युवा केन्द्र, सोलन द्वारा 'सबका साथ सबका विकास' विषय पर आयोजित जिला स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतीक्षा ने राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में सम्पन्न राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता में सोलन जिले का प्रतिनिधित्व किया।
- राजकीय महाविद्यालय सोलन में आबकारी और कराधान विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में बी.कॉम. तृतीय वर्ष की रूमानी तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अपने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने के लिए मैं उपर्युक्त विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

# महाविद्यालय की प्रमुख गतिविधियाँ

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतू वर्ष भर अनेक शैक्षिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ ।

## आज़ादी का अमृत महोत्सव

महाविद्यालय में 24 सितम्बर 2021 को प्राचार्य प्रो. राजेश यादव द्वारा विधिवत उद्घाटन से शुभारम्भ हुआ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' अद्यतन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों के अन्तर्गत महाविद्यालय के समस्त विभागों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनियों का उत्कृष्ट आयोजन तथा विद्यार्थियों की प्रतिभागिता उत्साहवर्द्धक एवं अभिरुचिपूर्ण रही।

## इको क्लब

विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए संगठित इको क्लब ने डॉ. दीपिका के संयोजन में उत्कृष्ट कार्य किया । पौधारोपण उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण के Bio-Degradable Sources को संरक्षित, सुरक्षित, पुनः प्रयोग व पुनः उपयोग के बारे जानकारी देकर जागरुक किया गया।

## रेड–रिबन क्लब

महाविद्यालय में प्रो. रेनू बाला के संयोजन में गठित रेड रिबन क्लब द्वारा न्यू इंडिया @75 अभियान के अन्तर्गत HIV/Aids, तपेदिक और रक्तदान जैसे ज्वलन्त व समसामयिक विषयों पर जागरुकता–रैली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। क्लब द्वारा कॉलेज परिसर में कोविड–टीकाकरण–अभियान तथा "ग्लूकोमा" पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

## नशा–विरोधी प्रकोष्ठ

समन्वयक प्रो. कृष्णा प्रकाश के निर्देशन में सक्रिय इस प्रकोष्ठ द्वारा नशा–मुक्ति अभियान के अन्तर्गत इस सत्र में विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण के साथ निबन्ध–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन श्रेष्ठ प्रविष्टियों को उच्च शिक्षा निदेशालय को अग्रिम कार्यवाही के लिए अग्रेषित किया गया। 15 मार्च 2022 को कॉलेज परिसर से मुख्य सड़क मार्ग तक रैली निकाल कर स्थानीय लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों से जागरुक किया गया। डॉ. दीपिका और डॉ. गगनदीप उपर्युक्त समस्त गतिविधियों में सहयोगी रहे।

## सड़क – सुरक्षा – क्लब

समन्वयक डॉ. पी.डी. कौशल के निर्देशन में गठित इस क्लब द्वारा जागरुकता रैली, पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । अतिथि–वक्ता वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री नरेन्द्र चौहान द्वारा विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को सड़क– सुरक्षा– नियमों के प्रति जागरुक कराया गया तथा सम्बन्धित सामग्री भी आबंटित की गई ।

## महिला प्रकोष्ठ

डॉ. अनुपमा शर्मा पाठक के संयोजन में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो छात्राओं के अधिकार व समस्याओं के प्रति अत्यन्त संवेदनशीलता के साथ कियाशील है ।

## आन्तरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ

समन्वयक डॉ. अंजोरी शर्मा के नेतृत्व में कार्यरत यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने, योजना बनाने और पर्यवेक्षण करने की जिम्मेवारी का बखूबी निर्वाह कर रहा है। प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में Cyber Crime Jagrukta Diwas के उपलक्ष्य में DSP परवाणु श्री योगेश रोलटा जी की वक्तृता का भी आयोजन किया गया।

## खेलकूद गतिविधियाँ

शरीर, मन और आत्मा में सामंजस्य स्थापित करने के लिए जीवन में खेल– गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं जिनके प्रति युवा वर्ग सहज आकर्षित होता है। 16 मार्च 2022 को महाविद्यालय की Annual Athletic Meet, आयोजक–सचिव डॉ. पी.डी. कौशल के तत्वावधान में सम्पन्न हुई जिसमें कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेश यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस Meet में अनेक एथलेटिक प्रतिस्पर्धाओं– 100, 400 मीटर दौड़ Shot Put, Long Jump, High Jump, Javelin Throw आदि में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई । पुरुष–वर्ग में बी. कॉम. तृतीय वर्ष के अभिमन्यु तथा महिला–वर्ग में बी.ए.प्रथम वर्ष की उर्मिला को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया।

### महाविद्यालय में सम्पन्न कुछ अन्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:–

- नया सत्र प्रारम्भ होते ही प्राचार्य प्रो. राजेश यादव तथा डॉ. अनीता ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों की orientation cum counselling की गई ।
- 2 सितम्बर 2021 को इको क्लब द्वारा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत कॉलेज परिसर को साफ किया गया।

- 27 अगस्त 2021 को सी.एम.ओ सोलन कार्यालय द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रेड रिबन क्लब के दो छात्रों ने भाग लिया।
- 14 सितम्बर 2021 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में Online संभाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई।
- 17 सितम्बर 2021 को रेड रिबन क्लब द्वारा कॉलेज परिसर में कोरोना वैक्सीन अभियान चलाया गया।
- 23 सितम्बर 2021 को रेड रिबन क्लब द्वारा HIV/AIDS विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।
- 21 अक्तूबर 2021 को कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अंजोरी शर्मा द्वारा Online प्रेरणादायक तथा एकीकृत अमृता ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 25–26 अक्तूबर, 2021 को Narcotics Centre Bureau Chandigarh द्वारा Multi Pronged Approach to Tackle Drug Menace – Supply, Demand and Harm Reduction विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 29 अक्तूबर 2021 को हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व प्राप्ति के स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में हि.प्र. की संस्कृति से सम्बन्धित Painting, Collage Making तथा Videography प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।
- 30 अक्तूबर, 2021 को विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति संकल्प की शपथ ली गई।
- 22 नवम्बर, 2021 को नेहरु युवा केन्द्र, सोलन द्वारा प्रायोजित 'सबका साथ सबका विकास' विषय पर संभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- 25 नवम्बर 2021 को Cyber Crime Jagrukta Diwas के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
- 26 नवम्बर 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान अनुपालना की शपथ व मौलिक कर्त्तव्यों के बारें में जानकारी देकर जागरुक किया गया।
- 1 दिसम्बर 2021 को DSP Parwanoo श्री योगेश रोलटा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध तथा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की।
- 2 मार्च, 2022 को विद्यार्थियों को NCERT Officer के Youtube Channel को दिखाकर साइबर अपराध के बारें में जागरुक किया गया।

# शिक्षक – वर्ग की शैक्षिक उपलब्धियाँ

**डॉ. अनीता ठाकुर** ने Teaching Learning Centre, Ramanujan College, University of Delhi द्वारा Online आयोजित साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम on Data Analytics and Modelling Tools for Research (16-22 January, 2022) को सफलतापूर्वक A+ Grade सहित पूर्ण किया।

- महात्मा हंसराज संकाय विकास केन्द्र, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा Online आयोजित साप्ताहिक अन्तरराष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम, 'समाज, संस्कृति और विश्वबोध' (16–22 फरवरी 2022) को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

**प्रो. कृष्णा प्रकाश** ने 4–5 सितम्बर, 2021 को इतिहास शोध संस्थान नेरी, हि.प्र. में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिसंवाद में भाग लिया। साथ ही "भारतीय स्वाधीनता आंदोलन : वृत्तांत, स्मृतियां एवं नेपथ्य–नायक" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ. दीपिका** ने R&D Cell, AVP College of Art and Science, Tiruppur, Tamilnadu द्वारा Online आयोजित साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम on Enhancing Research and Writing (7-13 Feb, 2022) को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

- Amar Singh College, Cluster University, Srinagar द्वारा Online आयोजित साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम on Tools and Techniques in Research (7-13 March, 2022) को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

**डॉ. गगनदीप** ने Teaching Learning Centre, Ramanujan College, University of Delhi द्वारा Online आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम (21 अगस्त 2021 – 19 सितम्बर, 2021) को सफलतापूर्वक A+ Grade सहित पूर्ण किया।

- दिनाँक 9–10 दिसम्बर, 2021 को सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत DIET, सोलन में आयोजित जिलास्तरीय कला उत्सव में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में उपस्थित हुए।

**प्रो. हिमांशी** ने 21 दिसम्बर 2021 को राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर हि.प्र. द्वारा आयोजित State Level Beginners Course for Ranger Leaders कार्यक्रम में भाग लिया।

- Teaching Learning Centre, Ramanujan College, University of Delhi द्वारा Online आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम (20 दिसम्बर 2021 – 19 जनवरी, 2022) को सफलतापूर्वक A+ Grade सहित पूर्ण किया।

**श्रीमती रजनी भारद्वाज** ने Inflibnet Centre द्वारा आयोजित Online Operation of Soul 3.0 Software विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

## महाविद्यालय की अपेक्षाएँ

महोदय, महाविद्यालय में विस्तार को देखते हुए निजी भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने में आपका सहयोग अपेक्षित है ताकि समस्त गतिविधियाँ, सुचारु रूप से कियान्वयन हो सके। महाविद्यालय में एक Physical Education के प्रवक्ता Post की भी आवश्यकता है ताकि खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके। महाविद्यालय में NCC, NSS तथा Rovers and Rangers Unit की भी प्रतीक्षा अविलम्ब समाप्त हो, महाविद्यालय में इनकी उपलब्धता हो – इस बारें में भी आपका ध्यान व आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा है।

## धन्यवाद ज्ञापन

समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं माननीय अतिथि डॉ. राजीव सैज़ल महोदय का एक बार फिर आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपनी समस्त व्यस्तताओं के बावजूद हमारे वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होकर हमारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया है ।

यहाँ उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस उत्सव में शामिल होकर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है ।

प्राध्यापक, कर्मचारी वर्ग, अभिभावक – प्राध्यापक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी, मीडिया बन्धुओं तथा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने आज के इस समारोह को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया ।

अन्ततः सभी मेधावी तथा प्रतिभाशाली छात्र–छात्राएँ बधाई के पात्र हैं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव मिला है । मैं आप सबके सुखद, सफल तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ ।

धन्यवाद ।

**प्रस्तुति**
**प्रो. राजेश यादव**
**प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन (हि.प्र.)**

Azadi Ka
Amrit Mahotsav